>

Title: Need to establish a Sainik School in memory of Shri Jadunath Singh, PVC in Sahajahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर के ग्राम खजूरी, तहसील कलान में परमवीर चक विजेता नायक श्री जदुनाथ सिंह की नायक जदुनाथ सिंह राजपूत रेजीमेंट के सैनिक थे। मेरे संसदीय जनपद के नायक जदुनाथ सिंह को राजपूत इतिहास में यह गौरव प्राप्त हुआ है। यह किसी से किया काकोरी घटना के अमर शहीद श्री राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रौशन सिंह और अशफाक उल्ला खां इसी धरती की देन हैं तथा कारगिल युद्ध के दौरान भी दलित वर्ग का एक युवक रमेश देश के लिए अपनी कुरबानी दे चुका है।

यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि नायक जदुनाथ सिंह का गांव मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर के अत्यधिक पिछड़े क्षेत्र में जनपद बदायूं और फर्रुखाबाद की सीमा पर स्थित है। यहां के निकटवर्ती क्षेत्र में युवकों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए कहीं कोई उच्च्च स्तरीय विद्यालय नहीं है तथा मेरे संसदीय जनपद और इसकी सीमा से सटे जनपदों के नौजवान उर्जावान, परिश्रमी, कर्मठ और देशभक्त हैं। यदि इन युवकों को किशोरावस्था से ही शिक्षा हेतु सैनिक स्कूल जैसे स्तरीय विद्यालय में संस्कार मिल जाएं तो शाहजहांपुर संसदीय जनपद की यह धरती, जो देश की आजादी से पहले से ही राष्ट्र की सेवा में समर्पित रही है, भविष्य में भी देश के प्रति इसी प्रकार से पूरी तरह समर्पित रहेगी।

अतः मेरा अनुरोध है कि शाहजहांपुर संसदीय जनपद के परमवीर चक विजेता नायक श्री जदुनाथ सिंह की याद में एक सैनिक विद्यालय की स्थापना उक्त जनपद में किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।